कार्यालय संचालक,
मुद्रण तथा लेखन सामग्री इन्दरावती भवन,द्वितीय तल
नवा रायपुर,अटल नगर
पिन कोड 492001

निविदा–प्रपत्र

शासकीय मुद्रणालय राजनांदगांव/रायपुर में स्थापित वेब आफसेट अजीत, प्रिंट लाईन, एंव डुप्लो मशीन के रख–रखाव हेतु,वर्ष 2023–24

प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15–09–2023 (समय 3.00 बजे तक)

निविदा खोलने की तिथि 19–09–2023 (समय 11.00 बजे सुबह)

कार्यालय संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
इन्दरावती भवन,द्वितीय तल छत्तीसगढ़, नवा रायपुर अटल नगर

कमांक जी.बी. 4–क.शा./(2)वार्षिक अनु.नि./2023–24/668 नवा रायपुर, दिनांक 4/9/2023

मुद्रण मशीनों के रख–रखाव हेतु तृतीय निविदा सूचना

इस विभाग के अंतर्गत शासकीय मुद्रणालय, राजनांदगांव/रायपुर में स्थापित वेब आफसेट अजीत, प्रिंट लाईन, एंव डिजीटल ब्लूलो मुद्रण मशीनों को सूचारू पूर्वक चलाने हेतु, ख्याति प्राप्त फर्मो मशीन निर्माता कम्पनियों इत्यादि से जो उक्त मशीनों के वार्षिक रख–रखाव एवं सुधार का अनुभव रखते हो सीलबंद लिफाफे में दरे आमंत्रित की जाती है ।

विस्तृत जानकारी हेतु निविदा प्रपत्र संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री कार्यालय, इन्दरावती भवन द्वितीय तल नवा रायपुर अटल नगर से निविदा प्रपत्र दिनांक 08–09–2023 से 15–09–2023 समय 3.00 बजे तक ,कार्यालयीन समय पर,रूपये 500.00 नगद जमा कर प्राप्त कर सकते है ।

1.	निविदा प्रकाशन का दिनांक	08–09–2023
2.	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	15–09–2023समय 5.00 बजे तक
3.	निविदा खोलने की तिथि	19–09–2023 समय 11.00 बजे सुबह

निविदा प्रपत्र **http://cgstate.gov.in/** से डाउनलोड भी की जाकर निविदा में भाग लिया जा सकता है किन्तु इस हेतु रूपये 500/– मात्र की राशि टेण्डर जमा करने के पूर्व कार्यालय से,मनी रसीद की प्रति लिफाफा "ए" में संलग्न कर निविदा प्रपत्र जमा की जा सकती है।

संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित ।

कांटेक्ट नं.–8965853957

4/9/23

संयुक्त संचालक
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री
छ.ग. नवा.रायपुर,अटल नगर

कार्यालय संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री इन्दरावती भवन,द्वितीय तल छत्तीसगढ़, नवा रायपुर,अटल नगर

विभाग के अंतर्गत शासकीय मुद्रणालय, राजनांदगांव/रायपुर में स्थापित मुद्रण मशीनों के वार्षिक रख–रखाव हेतु तृतीय निविदा की शर्ते ।

(1) इस कार्यालय द्वारा प्रदाय किये गये निविदा प्रपत्र पर आवश्यक रूप से निर्धारित समयावधि में सम्पूर्ण जानकारी भरकर प्रस्तुत करना आवश्यक होगा ।

(2) ऐसे अनुभवी व्यक्ति/फर्म जिन्हें शासकीय मुद्रणालय/निजी संस्थान में स्थापित विभिन्न प्रकार के ऑफसेट मशीन (1)वेब ऑफसेट मशीन अजीत संख्या–2 (2) वेब ऑफसेट प्रिंटलाईन मशीन संख्या–2, वार्षिक रख–रखाव कार्य करने का 5 वर्ष का अनुभव एवं मान्यता प्राप्त संस्था से इस संबंध में कोई डिग्री/डिप्लोमा हो वे इस निविदा में भाग लेने हेतु मान्य किया जावेगा

(3) ऐसे अनुभवी व्यक्ति/फर्म जिन्हें डिजीटल डुप्लीकेटर मशीन में सुधार का अनुभव 5 वर्ष का है, वे इस मशीन के वार्षिक रख–रखाव हेतु निविदा में भाग लेने हेतु मान्य किया जावेगा ।

(4) निविदा प्रकिया में आपकी निविदा स्वीकृत होती है तो आपको इस कार्यालय में अमानत राशि स्वीकृत दर का 20% (डी.डी.एफडीआर) राशि जमा कर अनुबंध करना होगा ।

(5) उपरोक्त मशीनों के वार्षिक रख–रखाव का कार्य अनुबंध दिनांक से एक वर्ष के लिये मान्य रहेगा तथा आपका कार्य संतोषजनक पाये जाने पर,यह अनुबंध अवधि दोनों पक्ष की सहमति के आधार पर एक वर्ष के लिये बढाया जा सकता है ।

(6) मशीन रख–रखाव के दौरान किसी पार्टस के लगाने की स्थिति निर्मित होती है तो आपको मशीन में ऑरिजनल कंपनी का ही पार्टस लगाना होगा ।

(7) शासकीय मुद्रणालय रायपुर/राजनांदगांव में स्थापित मशीन जिसका वार्षिक रख–रखाव किया जाना है का निविदा भरने से पूर्व मशीनों का अवलोकन भी कर सकते है ।

(8) मशीनों का वार्षिक रख–रखाव के लिए आपको प्रत्येक माह शासकीय मुद्रणालय में जाकर मशीनों का निरीक्षण करना होगा तथा उसकी स्थिति के बारे में संचालक एवं संबंधित उप संचालक को रिपोर्ट करना है इसके अतिरिक्त यदि मशीन में किसी भी समय कोई समस्या आती है तो आपको इसकी सूचना व्यक्ति/फर्म को दूरभाष से दी जावेगी । तत्काल 12 घण्टे में शासकीय मुद्रणालय में उपस्थित होकर मशीन सुधारना होगा ।

(9) रख–रखाव का तात्पर्य यह है कि मशीन में विधुत,मेकेनिकल एवं इलेक्ट्रानिक खराबी आने पर सुधार कार्य किया जा सके,जिसकी प्रर्याप्त व्यवस्था व्यक्ति/फर्म के पास उपलब्ध होनी चाहिए ।

(10) अनुबंध अवधि में यदि व्यक्ति/फर्म का कार्य संतोषजनक नहीं रहा तो उसे तत्काल एक माह की सूचना देकर पृथक किया जावेगा तथा जमा अमानत राशि राजसात कर ली जावेगा ।

(11) मशीन सुधारने हेतु व्यक्ति/फर्म का आने–जाने एवं रहने इत्यादि का खर्च संबंधित व्यक्ति/फर्म द्वारा स्वयं वहन करेगा ।

(12) रख–रखाव के दौरान आपको प्रत्येक माह बिल प्रस्तुत करना होगा,जिसमें टेक्स इत्यादि का उल्लेख पृथक से करेगें ।

(13) टेण्डर की तकनीकी अर्हताओं की पूर्ति हेतु निम्नांकित दस्तावेज (स्वहस्ताक्षरित एवं फर्म के मुद्रा सहित) लिफाफा में रखना होगी :–

लिफाफा –A (तकनीकी लिफाफा)

(i) पैन कार्ड की छाया प्रति ।

(ii) व्यक्ति/फर्म वित्तीय वर्ष 2022–23 की स्थिति में आयकर रिर्टन की प्रति ।

(iii) यदि फर्म हो तो वाणिज्य कर विभाग का जी.एस.टी.रजिस्ट्रेशन प्रमाण–पत्र।

(iv) यदि फर्म हो तो 2022–23 का जी.एस.टी.रिर्टन की प्रति ।

(v) टेण्डर क्रय करने की ओरिजनल मनी रसीद ।

(vi) स0क0 2 में अंकित अनुसार 5 वर्ष का अनुभव तथा डिग्री एवं डिप्लोमा प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करना होगा ।

(vii) स0क0 3 में अंकित अनुसार 5 वर्ष का अनुभव की सत्यादित प्रति संलग्न किया जाना अनिवार्य है ।

(viii) मशीन रख–रखाव एवं सुधार हेतु पर्याप्त मात्रा में सामग्री है,का प्रमाण–पत्र,संलग्न करना होगा ।

(viiii) सर्विस इंजीनियर छत्तीसगढ रीजन का होना चाहिए ।

(x) संबंधित व्यक्ति/फर्म राज्य शासन/केन्द्र शासन/मान्यता संस्था से ब्लेक लिस्टेड नहीं है,का प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा ।

14. लिफाफा "A" में रखे जाने वाले समस्त अभिलेख के ऊपर सील एवं हस्ताक्षर किया जाना अनिवार्य होगा ।

15. लिफाफा' –B(दर का लिफाफा)
निविदा फार्म में संलग्न प्रपत्र (अ) जिसमें निर्धारित स्थान पर दर अंकित हो ।

16. सीलबंद लिफाफा A व सीलबंद लिफाफा B को एक बडे लिफाफे "C"में रखकर सीलबन्द करेंगे तथा इसके ऊपर "मुद्रण सामग्री हेतु निविदा" अंकित होगा ।

17. लिफाफा 'C' के उपर फर्म का सील व नाम अंकित/लिखा जाना होगा ।

18. विगत वर्ष जमा की गयी निविदा निक्षेप/अमानत की राशि मान्य नहीं होगी ।

19. किसी भी समय इस संव्यवहार में उत्पन्न किसी विवाद में निर्णय लेने का अधिकार संचालक मुद्रण तथा लेखन सामग्री,नवा रायपुर,अटल नगर को होगा तथा उनके द्वारा इस संबंध में दिया गया निर्णय उभय पक्षों को मान्य करना होगा।

20. शासन के व्यापक वित्तीय हितों एवं सामग्री का प्रदाय सुनिश्चित करवाने हेतु न्यूनतम स्वीकृत दरों पर एक या उससे अधिक निविदाकर्ता को निविदा में विहित शर्तों को शिथिल करने का अधिकार होगा।

21. दर के लिए प्रत्येक पेज पर फर्म की सील व हस्ताक्षर होना अनिवार्य है ।

22. रख–रखाव हेतु प्राप्त न्यूनतम दर, एक से अधिक फर्मो का होता है तो उनके बीच प्रदाय आदेश,विभाजित करने का अधिकार निविदाकर्ता को होगा ।

संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित ।

04/12/23

संयुक्त संचालक
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री
छ.ग.नवा रायपुर,अटल नगर
दूरभाष क. 2331302

विभाग में स्थापित मुद्रण मशीनों का वार्षिक रख–रखाव अनुबंध हेतु तृतीय निविदा प्रपत्र

स. क.	मशीन का नाम एवं आकार	मशीन प्रदायकर्ता कंपनी का नाम	वार्षिक रख–रखाव हेतु दर				
			पार्टस सहित	टेक्स का प्रकार एवं प्रतिशत	पार्टस रहित	टेक्स का प्रकार एवं प्रतिशत	कुल योग राशि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	वेब आफसेट अजीत मशीन नम्बर 1 एवं 2 ए/2 आकार	हिन्दुस्तान इन्जीनियरिंग कम्पनी नागपुर					
3	प्रिंट लाईन मशीन ए/2 आकार	हिन्दुस्तान इन्जीनियरिंग कम्पनी नागपुर					
4	डिजीटल डुप्लीकेटर्स डुप्लो. डी.पी.एस. 650 ए/3 आकार	एच.सी.एल.					

4/9/23

संयुक्त संचालक,
मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
छ0ग0,नवा रायपुर,अटल नगर

संस्था द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि
के हस्ताक्षर एवं सील –

नाम एवं पत्राचार का पूर्ण पता –

ई–मेल एड्रेस

दूरभाष /मोबाईल नं.